सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री सुनील कुमार राय निवासी सी–24ए/1 गौतम नगर नई दिल्ली 110049

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, कोषाधिकारी, दौसा

अपील सं0 63/2017

<u>निर्णय</u> दिनांक 15.11.2017

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी कोषाधिकारी दौसा को सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, कोषाधिकारी, दौसा व उप कोषाधिकारी, सिकराय को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि कोषाधिकारी दौसा द्वारा उनके पत्रांक: कोष/आर0टी0आई0/2017–18/912 दिनांक 09.11.2017 द्वारा श्री सुनील कुमार राय को सूचना भिजवाते हुए प्रति इस कार्यालय को पृष्ठांकित की गयी है। साथ ही उप कोषाधिकारी, सिकराय जिला दौसा के पत्रांक 356 दिनांक 08.11.2017 की छाया प्रति भी उक्त पत्र के साथ संलग्न भिजवायी गयी है। उक्त पत्रादि पत्रावली में संलग्न हैं। इससे स्पष्ट होता है कि आवेदक को वॉछित सूचना उपलब्ध करवा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(नरेश कुमार शर्मा)
जिला कलेक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर,दौसा